# यूपीईएस में इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल



**DEHRADUN:** यूपीईएस स्कूल ऑफ मॉडर्न मीडिया ने हाल में दूसरे इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का सफल आयोजन किया. फिल्म के 2023 एडिशन के लिए दुनियाभर से अनेक एंट्रीज मिली. इसमें स्मार्टफोन फिल्म मेकिंग और डिजिटल कॉन्टेंट क्रिएशन की ताकत को दर्शाया. दो दिवसीय फिल्म फेस्टिवल के लिए भारत समेत ओमान, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, नेपाल और कनाडा से मिली 170 से अधिक एंट्रीज प्राप्त हुई. फिल्म फेस्टिवल में डॉक्यूमेंट्रीज और क्रिएटिव नॉन-फिक्शन से लेकर शॉर्ट फिक्शन व प्रयोगात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया. फेस्टिवल ने डिजिटल फिल्म मेकिंग के क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं के लिए भी एक ग्लोबल प्लेटफार्म उपलब्ध कराया. बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फिल्म का पुरस्कार फिल्म मेकर हामिद जलाल अल शाहाब (ओमान) ने जीता. जबकि, बेस्ट शॉर्ट फिक्शन और बेस्ट इन यूपीईएस का पुरस्कार भारतीय फिल्म निर्माता आदित्य नेगी को मिला. फिल्म के जरिए यूपीईएस स्कूल ऑफ मॉडर्न मीडिया के स्टूडेंट न्यू-एज मीडिया लिटरेसी की सुविधाएं प्रदान करना जारी रखा. उन्हें मीडिया इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए तैयार कर रहा है.